





नवभारत
सतना, शुक्रवार 06 मार्च, 2026


# होली में उड़ा रंग गुलाल, डीजे की धुन पर थिरके लोग

## शहर सहित जिले भर में मनाया गया होली का त्योहार, युवाओं में रहा उत्साह, चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 मार्च, शहर सहित जिले भर में होली का त्यौहार बुधवार को उत्साह पूर्वक मनाया गया. शहर के गली चौराहो से लेकर मोहल्लो में लोगो ने जमकर होली खेली. वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही. जिसके चलते चुटपुट विवाद के अलावा कोई बड़ी घटना घटित नही हुई.**





युवको की टोलियां डीजे की धुन पर नाचते-गाते होली का त्यौहार मना रही थी तो वही बच्चे भी एक दूसरे को रंग लगाकर खुशियां मना रहे थे. शहर के मोहल्लो और गलियों में डीजे लगाकर जमकर नाच गाना हुआ और रंग खेला गया. लोगो ने सुबह से रंग खेलना शुरू किया जो देर शाम तक चलता रहा. लोगो ने अपने परिवार और दोस्ते के घर पहुंचकर एक एक दूसरे को रंग अबीर लगाया और होली की शुभकामनाएं दी. सबसे ज्यादा उत्साह युवाओं और बच्चो में देखने को मिला. वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों सहित थाना प्रभारी लगातार अपने क्षेत्रो में भ्रमण करते रहे. किसी भी तरह की स्थित से निपटने के लिये पुलिस पूरी तरह से तैयार रही. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक भी शहर का भ्रमण करते रहे. इसी तरह ग्रामीण अंचलो में भी होली का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया. बच्चो सहित युवाओं और बुजुर्गो ने जमकर रंग गुलाल खेला. यही नही पुलिस की खास सुरक्षा व्यवस्था होली को लेकर रही. किसी तरह की वारदान हो इसको लेकर पुलिस लगातार क्षेत्र का भ्रमण करती रही. कुछ जगहों पर शराब आदि के नशे में विवाद की स्थित निर्मित हुई. लेकिन मौके पर पहुची पुलिस ने मामले को शांत कराया. गौरतलब है कि इस इस बार कई जगहों पर दो दिन होली खेली गई. होली को लेकर बच्चों और युवाओं में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला तो वही लोग अपने परिवार और दोस्तो के यहा होली मिलने गये. वही गुरूवार को पुलिस द्वारा होली खेली गई. इस दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर उत्साह पूर्वक त्यौहार मनाया. पुलिस कर्मियों का परिवार भी शामिल हुआ.



# उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने हिनौती गौधाम में 25 हजार गौवंश के संरक्षण के लिये शेड निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि शेड निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो तथा समय सीमा में पूरा हो.**

उन्होंने बाउण्ड्रीबाल निर्माण सहित शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये. रीवा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कार्य में सभी औपचारिकताओं की पूर्ति सुनिश्चित कराकर कार्य को गति देने के निर्देश उप मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये.

बैठक में अजगरहा से इटहा, नीम चौराहा से मनकहरी तथा गड्डी रोड के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान अद्यतन स्थिति की उप मुख्यमंत्री ने जानकारी ली. उन्होंने सभी तालाब के रखरखाव तथा उसके उन्नयन एवं चिरहुला मंदिर मार्ग विकास व परिसर विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये. बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी उपस्थित रहे.

### उप मुख्यमंत्री ने आमजनों से की भेंट

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अमहिया निवास में आमजनों से भेंट की. उन्होंने लोगों को होली की बधाई दी तथा उनकी समस्यायें सुनीं. उप मुख्यमंत्री ने प्राप्त आवेदनों पर तत्काल समाधानकारक कार्यवाही के निर्देश दिये.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती का किया निरीक्षण

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हरिहरपुर धाम में प्राकृतिक खेती का निरीक्षण किया. उन्होंने प्राकृतिक रूप से उगाई गई पालक व चुंकदर की खेती को देखा तथा निर्माणाधीन वायो इनपुट सेंटर मल्टी वेयर फार्मिंग प्रकल्प का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिये. उल्लेखनीय है कि रीवा जिले में प्राकृतिक खेती का बसामन मामा सहित हरिहरपुर में भी किसानों के लिये प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया गया है. जहां प्राकृतिक खेती की जा रही है और साथ ही साथ किसानों को प्राकृतिक खेती के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया जाता है.

### उप मुख्यमंत्री ने भगवान भैरवनाथ के दर्शन किए

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने होली महापर्व पर गुढ़ स्थित भैरवनाथ लोक पहुंचकर भगवान भैरवनाथ के दर्शन किये तथा लोक कल्याण की कामना की.

### होली मिलन कार्यक्रम 8 को

**रीवा,** स्थानीय सिंधु भवन एस ए एफ चौक रीवा में 8 मार्च को शाम 4:00 बजे से 6:00 तक होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है. समारोह के आयोजक श्री झूलेलाल धर्मार्थ प्याऊ समिति जानकी पार्क रीवा एवं श्री झूलेलाल छठी महोत्सव समिति की महिला विंध्य द्वारा आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर संस्था की महिला विंग एवं धर्मार्थ प्याऊ समिति के सभी सदस्यों व पदाधिकारी से अपील की गई है कि समय पर आकर होली मिलन का आनंद ले तथा झूलेलाल छठी महोत्सव 25 मार्च के संबंध में आयोजित किए जाने की विस्तृत चर्चा की जा सके.

### शौर्य नामदेव सैनिक स्कूल में चयनित

**रीवा,** नामदेव समाज रीवा ने शौर्य नामदेव के 92 प्रतिशत अंक के साथ सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर बधाई दी व कहा कि यह समाज के लिए गौरव की बात है समाज के होनहार बच्चों के लिए प्रेरणा प्रद है. शहर के किड्स वर्ल्ड स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र शौर्य नामदेव के पिता अमित नामदेव माता श्रीमती आरती नामदेव दादा मोहन नामदेव ने शौर्य की पढ़ाई में भरपूर सहयोग करते रहे हैं. प्रसन्नता जाहिर करने वालों में समाज के अध्यक्ष राजेश नामदेव लाला, बैद्यनाथ नामदेव, श्रवण नामदेव, श्रीचंद्र नामदेव, जे पी नामदेव,राजेश नामदेव राजू, राजकुमार नामदेव, रामायण प्रसाद नामदेव, राम सुमिरन नामदेव, बालमुकुंद नामदेव ,डॉक्टर अशोक नामदेव, अयोध्या प्रसाद नामदेव, मोतीलाल नामदेव, विनोद नामदेव ,कौशल नामदेव, श्री रामनिवास नामदेव ,डॉक्टर रामनरेश नामदेव, बृज किशोर नामदेव पप्पू, लक्ष्मी प्रसाद नामदेव, नत्थू प्रसाद नामदेव, तारेश नामदेव, रमेश नामदेव कुंज बिहारी नामदेव, आदि समस्त समाज जनों ने खुशी जाहिर की.



### राष्ट्र गीत का सामूहिक गायन

**मऊगंज,** मऊगंज के कलेक्ट्रेट में माह के प्रथम कार्यदिवस पर सामूहिक राष्ट्रगीत का गायन हुआ. सामूहिक राष्ट्रगीत गायन में कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी सहित कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे.

### भावान्तर योजना छोटे किसानों के लिए वरदान

**रीवा,** भावान्तर योजना लागू होने से जिले के किसान काफी प्रसन्न हैं. वह कहते हैं कि यह योजना छोटे किसानों के लिये वरदान साबित होगी. रीवा जिले में सरसों व राई की खेती करने वाले किसान इस योजना के लागू होने से उत्साहित हैं. परसिया गांव के किसान सूर्यमणि त्रिपाठी व रजनीश विश्वकर्मा कहते हैं कि राई व सरसों की फसल का इस योजना से सही दाम मिलेगा और मुनाफा भी होगा. योजना के लिये किसान ह्मदय से मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित कर रहें. वह कहते हैं कि किसानों की चिंता मुख्यमंत्री जी ने की और यह योजना निरंतर चलती रहे और अन्नदाता लाभान्वित होते रहें.

# उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के निवास पर हुआ होली मिलन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होली महापर्व पर अपनों के संग होली के रंग में रंगे रहे.**



उन्होंने सभी से आत्मीयता से मिलते हुए होली की शुभकामना दी तथा लोगों ने भी उप मुख्यमंत्री जी को अबीर-गुलाल लगाया. उप मुख्यमंत्री के अमहिया निवास में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया. उन्होंने स्थानीयजनों के साथ होली खेलते हुए फाग का गायन किया तथा फाग गायन के दौरान बजाये जाने वाले परंपरागत वाद्य नगरिया का वादन भी किया. इसके अलावा होली पर्व पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि एवं मंगल कामना की. उन्होंने भगवान जगन्नाथ के महाप्रसाद कढ़ी-भात एवं खीर का श्रृद्धालुओं को वितरण कर पुण्य कार्य में सेवाभाव से सहभागिता की.

# अभिलेखों से छेड़छाड़ करने पर संबंधितों के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर के निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 5 मार्च, संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम मऊगंज को निर्देश दिये हैं कि तत्कालीन हल्का पटवारी ऊधौपुर्वा हीरालाल कोल एवं आवेदक मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी के विरूद्ध अभिलेखों से छेड़छाड़ कर फर्जी रूप से राजस्व अभिलेख संशोधन करने पर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें.**

उल्लेखनीय है कि मीडिया खबरों को संज्ञान में लेकर तहसीलदार मऊगंज के प्रतिवेदन अनुसार वादित भूमियों के खसरा में दर्ज प्रविष्ठि अविधिक होने से प्रकरण में पुर्नअवलोकन की अनुमति चाही गई थी. जिसका परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही की गई. आवेदक मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी वगैरह निवासी ग्राम उधौपुर्वा द्वारा तहसीलदार, मऊगंज के न्यायालय में मौजा ग्राम उधौपुर्वा, पटवारी हल्का उधौपुर्वा की आराजी कुल 10 किता आराजियों का वारिसाना नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसमें तहसीलदार, तहसील मऊगंज ने सरोज व सरोजनी में भिन्नता होने से वारिसाना नामान्तरण आवेदन पत्र खारिज कर दिया था. किन्तु मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी द्वारा तत्कालीन हल्का पटवारी, हीरालाल कोल से सांठगांठ / मिलीभगत कर उक्त प्रकरण क्रमांक का हवाला देकर खसरे में धनंजय त्रिपाठी व उनके भाई तथा उनके पिता मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी के नाम खसरे में अविधिक प्रविष्टि अंकित कर दी गई तथा मृतक सरोज की पुत्रियां हेमा, रेखा व विंध्या का नाम खसरे में दर्ज नहीं किया. साथ ही मृतक रामाधार पिता द्वारिका प्रसाद की पत्नी पार्वती वेवा रामाधार का नाम विलोपित कर दिया, जबकि पार्वती वर्तमान में जीवित है. वारिसान नामान्तरण का प्रकरण खारिज होने के बाद भी तत्कालीन हल्का पटवारी, हीरालाल कोल द्वारा उसी प्रकरण क्रमांक के आधार पर अभिलेख अद्यतन किये जाने से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभाग मऊगंज द्वारा निलंबित किया गया है.

# घर में फांसी पर झूलता मिला युवक, परिजनों ने लगाया आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 मार्च, जिले के त्योंथर तहसील अंतर्गत गढ़ थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवरी कोठार में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है.**



मृतक का शव उसके ही घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला. घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. वहीं मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है और पुलिस से हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है. ग्राम पंचायत देवरी कोठार निवासी हीरालाल यादव 35 वर्ष पिता रामलाल यादव का शव बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे उसके घर के अंदर फांसी के फंदे में झूलता हुआ पाया गया. बताया जाता है कि मृतक की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है और वह घर में अकेला रहता था. मृतक की छोटी-छोटी बच्चियां हैं. घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई. मृतक के चचेरे भाई अभिषेक यादव ने इस मामले में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके भाई की हत्या की गई है. उनका कहना है कि किसी ने हीरालाल को पहले शराब पिलाई और उसके बाद उसकी हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया ताकि मामला आत्महत्या का लगे. सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# घर के बाहर खड़ी फोर व्हीलर में तोड़फोड़

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 मार्च, रीवा शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत निराला नगर में दोस्त के यहां आए युवक की फोर व्हीलर वाहन में पड़ोसी युवक द्वारा तोड़फोड़ कर गाली गलौज किए जाने का मामला प्रकाश में आया है.**

पीड़ित द्वारा घटना की शिकायत विश्वविद्यालय थाने में दर्ज कर दी गई है. घटना के संबंध में पीड़ित अमरनाथ तिवारी निवासी सुंदर नगर बोदाबाग ने जानकारी देते हुए बताया कि होली के दिन वह अपने दोस्त राजीव वर्मा निवासी निराला नगर के यहां गए थे. अमरनाथ ने बताया कि वह अपने दोस्त के घर के बाहर जीप खड़ी कर अंदर चले गए इसी दौरान उनके दोस्त के पड़ोस में रहने वाले युवक अतुल कुमार पांडे ने गाली गलौज करते हुए उनकी जीत का कांच तोड़ दिया. पीड़ित ने बताया कि जब वह घर बाहर निकाल कर युवक से पूछे तो उसने कहा कि मेरे द्वार पर गाड़ी बिना पूछे कैसे खड़ी कर दिए थे. इसी बात से नाराज होकर उसने गाड़ी में तोड़फोड़ करते हुए जमकर गाली गलौज की है. घटना का वीडियो भी सामने आया है पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कर दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है. पीड़ित की माने तो गाड़ी में बिना वजह तोड़फोड़ की गई और विरोध करने पर सरहंग द्वारा गाली गलौज भी किया गया.

### भाई ने लगाया बहन की हत्या का जीजा पर आरोप

**रीवा, 5 मार्च,** जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मडवा बासा के जमुनिया टोला में एक महिला की मौत का मामला सामने आया है. घटना के बाद मृतका के भाई ने पति पर जला कर हत्या का आरोप लगाया है पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है. घटना के संबंध में मृतका सपना साकेत के भाई ललन साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 11 बजे उसका जीजा चूड़ामणि साकेत शराब के नशे में कुछ लोगों के साथ आया और घर के अंदर घुसने लगा. जिसका विरोध बहन ने किया तो जीजा ने पहले बहन के साथ मारपीट की और उसके बाद घर में आग लगा दी जिसके चलते उसकी बहन बुरी तरह से झुलस गई. गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई. वहीं घटना के दौरान उसका जीजा भी झुलस गया है जिसका उपचार अस्पताल में जारी है. मृतिका के भाई ने कहा कि शराब के नशे में उसकी बहन को जीजा ने जलाकर मार डाला है परिजनों ने आरोपी पति पर हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# हनुमना में रथ पर सवार होकर निकले भगवान जगन्नाथ

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 5 मार्च, हनुमना में चार और पांच मार्च को जमकर होली खेली गई. यहां के प्रसिद्ध कपड़ा फाड़ होली के साथ ही नगर में रथ पर सवार होकर होली खेलने निकले भगवान जगन्नाथ विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य के द्वार श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय अखिलेश गुप्ता, टिंकल केशरी संतोष मिष्ठान, भरत किराना सहित विभिन्न स्थानों पर हुई भगवानकी विशेष पूजा अर्चना जगह-जगह प्रसाद बांटे गए.**



वहीं पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के चलते किसी तरह की स्थित नही बिगड़ी. उल्लेखनीय है हनुमना नगर में प्रयागराज मिर्जापुर व वाराणसी की तर्ज पर होली का महापर्व दो दिनों तक मनाया जाता है. इस वर्ष प्रथम दिवस 3 तारीख को चंद्र ग्रहण का सूतक कल सुबह से ही आ जाने के कारण जहां होली नहीं खेली गई और हमेशा की तरह पूरी बाजार सजी रही. वही 4 तारीख को सुबह से ही जहां चप्पे-चप्पे पर ड्रोन कैमरे के साथ पुलिस प्रशासन तैनात रहा. पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के कुशल मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, एसडीओपी सची पाठक के निर्देशन तथा में हनुमना टी आई अनिल काकडे ने कमान संभालते हुए चप्पे चप्पे पर पुलिस बैठा रखी थी और दोनों दिवस होली खेली गई.

भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर लक्ष्मी नारायण मंदिर से चलकर सीधी रोड होते हुए श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर मोड़ तक गए और वहां से लौटकर स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली रामलीला मैदान होते हुए पुन: में रोड होकर श्री आचार्य जी के मंदिर पहुंचकर आचार्य मंदिर में पूजा पाठ के बाद पुणे रथ यात्रा वापस लक्ष्मी नारायण मंदिर में आकर समाप्त हुई.

इस दौरान विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य के श्रीरामानुज आयुर्वेदिक औषधालय परिवार वैश्य महासम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, टिंकल केसरी द्वारा पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण किया गया. लोगो में उत्साह देखा गया.

# होली पार्टी के दौरान होटल में जमकर मारपीट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 मार्च, रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत लैंडमार्क होटल में होली की पार्टी के दौरान जमकर मारपीट हुई. इस दौरान बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर युवकों को पीटा गया जिसका वीडियो भी सामने आया है.**

वहीं घटना के बाद पीड़ित परिवार सामान थाने पहुंचा जहां घटना की शिकायत दर्ज कराई है. घटना के संबंध में पीड़ित परिवार ने जानकारी देते हुए बताया कि रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत लैंडमार्क होटल में होली के दिन होली मिलन पार्टी का आयोजन किया गया था.

पार्टी में शामिल होने कटनी से व्यापारियों के परिवार आए हुए थे. पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर होटल प्रबंधन और पार्टी में शामिल लोगों के बीच कहां सुनी हो गई जिसके बाद पार्टी में शामिल होने आए कटनी के व्यापारियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया. घटना की सूचना पर पहुंची सामान पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए मामले को शांत कराया.

# अवैध महुआ शराब के साथ दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 मार्च, अवैध शराब तस्करी के कारोबारियों द्वारा तरह-तरह के तरीके अपनाए रहे हैं. लेकिन उसके बाद भी पुलिस से नही बच पा रहे है.**

शराब तस्करों का अवैध शराब तस्करी करने का नया तरीका उस समय देखने को मिला जब होली के त्यौहार पर पुलिस द्वारा जगह-जगह नाकेबंदी कर चेकिंग की जा रही थी.

इस दौरान संदेह के आधार पर नईगढ़ी पुलिस ने बाइक चालक अजय कोल उम्र 25 वर्ष निवासी करह थाना शाहपुर जिला मऊगंज को रोक कर तलाशी ली तो झोले में सब्जी भरी थी और सब्जी के अंदर महुआ शराब मिली. पुलिस द्वारा 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब के साथ तस्कर को अभिरक्षा में लेकर अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई.

इसी तरह एक अन्य महुआ शराब तस्कर कुलदीप कोल उम्र 50 वर्ष निवासी खैरा थाना शाहपुर को पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 5 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है.